प्रेस नोट

दिनाँक- 07.11.2024

मिशन शक्ति अभियान फेज- 05 को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने के संबंध में बैठक।

आज दिनांक 7 नवंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में , अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा पुलिस लाइन सभागार, हमीरपुर में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त/ नामित मिशन शक्ति अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित 90 दिवसीय मिशन शक्ति अभियान फेज -05 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यापक चर्चा करना और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के प्रति सुरक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम, संवेदनशीलता को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता फैलाना है। इस संदर्भ में आयोजित बैठक में मिशन शक्ति अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए अभियान की सफल क्रियान्वयन रणनीतियों पर जोर दिया गया। बैठक में, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-05 को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए मिशन शक्ति अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए। इसमें महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण करने, उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरुक करने तथा कानून के प्रावधानों के प्रति जागरूक करने, व महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में जनता में और अधिक जागरुकता हेतु प्रेरित किया गया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के फेज-05 के तहत योजनाबद्ध कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने इस अभियान को जनसंपर्क के माध्यम से जनता तक पहुँचाने, स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने, और महिला सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।